>

Title: Need to provide compassionate appointment to the family members of victims of train accident at Badarwas in Shivpuri district, Madhya Pradesh on 20.09.2010.

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर): पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले शिवपुरी जिला (मध्य प्रदेश) के बदरवास रेलवे स्टेशन पर दिनांक 20.09.10 को इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं मालगाड़ी में हुई भीषण दुर्घटना में 9 यात्रियों की मृत्यु हुई थी। रेल दुर्घटना के समय तत्कालीन माननीय रेल मंत्री महोदया, भारत सरकार द्वारा प्रत्येक मृतक परिवार के एक सदस्य को रेलवे में अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने की घोषणा की गई थी।

पीड़ित परिवारों के आश्रितों को रेलवे में अनुकंपा नियुक्ति दिलाये जाने हेतु महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर एवं अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली को इस हेतु अवगत कराया गया। साथ ही संसदीय स्थायी रेल कमेटी की समय-समय पर होने वाली मीटिंगों में इस विषय पर चर्चा करने के बाद शीघ्र आदेश प्रसारित किए जाने का आश्वासन माननीय कमेटी के अध्यक्ष द्वारा दिए जाने के बाद एवं लगभग 10 माह का समय व्यतीत हो जाने के बाद भी आज तक महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर द्वारा पीड़ित परिवारों के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

जबकि पश्चिम बंगाल में हुई रेल दुर्घटना में 11 मृतकों के परिवार के एक-एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति मिल चुकी है। परंतु अभी तक पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत हुई रेल दुर्घटना में मृतक परिवारों के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई है।

दिनांक 20.09.10 को बदरवास में हुई रेल दुर्घटना के 9 मृतक परिवारों के एक-एक सदस्य को तत्काल अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने संबंधी प्रभावी आदेश प्रदान किए जाने हेतु माननीय रेल मंत्री महोदय, भारत सरकार से आग्रह है।